# कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने ड्रोन का उपयोग करें

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सुगम संपर्कता परियोजना संबंधी बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

भोपाल, 6 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए. कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए ड्रोन का उपयोग हो. सिपरी साफ्टवेयर न सिर्फ डीपीआर तैयार करने की दृष्टि से उपयोगी है बल्कि सड़क के साथ पुल-पुलियों की आवश्यकता दर्शाने में भी इसका उपयोग हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग



की सुगम संपर्कता परियोजना संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि गत माह शुरू किए गए राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागीय स्तर पर प्रति सप्ताह समीक्षा की जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बगिया मां के नाम के तहत की गई गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए. बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा तथा 100 से अधिक आबादी वाले मजरों-टोलों को सड़क से जोड़ा जाएगा.

### पूर्व से निर्मित सड़कों की जियो इंवेंट्री

सुगम संपर्कता परियोजना की विशेषता यह है कि इसमें पूर्व में बनी सड़कों की रिम्स पोर्टल के माध्यम से जियो-इंवेंट्री की जा रही है. इससे नई सड़कों के चयन में दोहराव की स्थिति नहीं बनेगी. जियो इंवेंट्री में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, पीएमजीएसवाय, मुख्य जिला सड़क और संपर्कता ऐप से चयनित सड़कें शामिल हैं.

### जियो- इंवेंट्री का आधा कार्य पूर्ण

बैठक में बताया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 33 हजार 655 सड़कों में से 17 हजार 437 सड़कों की जियो इंवेंट्री का कार्य पूरा कर लिया गया है. इसके साथ ही 9 जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है. रतलाम, जबलपुर, आगर-मालवा, मंदसौर और पन्ना जिले इस कार्य में अग्रणी हैं. परियोजना के तहत प्रदेश में 7 हजार 135 नवीन सड़कों का प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। प्रदेश के 29 जिलों में 1771 नवीन सड़कों का प्रस्ताव जिला स्तर पर स्वीकृत किया जा चुका है. परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मैदानी अमले को तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण भी दिया गया है. इसमें राज्य स्तर से 2100 से अधिक तकनीकी स्टॉफ और विभिन्न श्रेणी के अभियंताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है.

# विस की समितियों की संयुक्त बैठक आज

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 अप्रैल. वर्ष 2026 -27 के लिए विधानसभा की सभी समितियों का गठन किया गया है जिसकी संयुक्त बैठक मंगलवारको अपराह्न 3.00 बजे से विधानसभा के मानसरोवर सभागार में होगा.**

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, समितियों के सभापति एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे. गठित समितियों में चार वित्तीय समितियां, लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों सबंधी समिति,प्राक्कलन समिति तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति शेष अन्य 15 समितियां, कार्यमंत्रणा समिति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति, याचिका एवं अभ्यावेदन समिति, प्रत्यायुक्त विधान समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, विशेषाधिकार समिति, नियम समिति, सदस्य सुविधा समिति सहित अन्य समितियों का गठन किया गया हहै.

# अपहृत दो नाबालिग बालिकाएं बरामद

**सिलवानी.** अपहृत नाबालिग दो बालिकाओं को बम्होरी पुलिस ने बरामद किया. इन मामलों में दोनों फरियादी द्वारा थाना बम्होरी में 1 अप्रैल को रिपोर्ट की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है. थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध कायम किया था . थाना प्रभारी बम्होरी प्रीतम सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका की तलाश हेतु लगातार प्रयास किए और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया. मुखबिर सूचना के आधार पर दोनों अपहृत बालिकाओं को पीथमपुर से दस्तयाब किया गया है.

# पार्टी संगठन के कार्य भगवान के कार्य मानकर पूरी निष्ठा से किए जाएं

**मीडिया विभाग की बैठक में डॉ. मोहन यादव ने कहा**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया विभाग की बैठक को संबोधित किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आप सभी प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यगण



कार्यकर्ता भाव से पार्टी संगठन और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं. विपक्षी दल असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए गलत नैरेटिव बनाते हैं. हमें तथ्यों के साथ पार्टी संगठन और सरकार का पक्ष मीडिया में रखना है और जनता तक सरकार व संगठन के कार्यों और उपलब्धियों को पहुंचाना है. संगठन के कार्यों को भगवान का कार्य मानकर पूरी निष्ठा के साथ दायित्व का निर्वहन करें. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रवक्तागण पार्टी के विचार, संस्कार व संगठन का चेहरा होते हैं. भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों-उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आप सभी मीडिया विभाग के जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ताओं पर है. पार्टी का मीडिया विभाग पार्टी की विचारधार व सोच को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएं. भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मीडिया विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने आप सभी कार्यकर्ताओं को बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है.

### भाजपा की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाएं : खंडेलवाल

भोपाल, 6 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक को संबोधित किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता सक्रियता, समन्वय व टीम भावना के साथ सरकार और संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएं. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूती देने का कार्य करें. क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने युवा मोर्चा के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं. आप सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करें. बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं. आप सभी युवा कार्यकर्ता आने वाले समय में बड़े दायित्व निभाने के लिए खुद को तैयार करते रहें.

# तीतर का शिकार करते दो आरोपी गिरफ्तार

**सिलवानी.** वन्यजीवों के अवैध शिकार पर रोक लगाने के लिए वन विभाग लगातार सख्ती बरत रहा है .इसी कड़ी में वन अमले ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मुखबिर की सूचना पर बीट गैलपुर के कक्ष क्रमांक आरएफ 132 में दबिश दी .कार्रवाई के दौरान टीम ने एक मृत नर तीतर एवं चार फंदे बरामद किए, जिनका उपयोग वन्यजीवों के शिकार के लिए किया जा रहा था. मौके से आरोपी श्रीलाल आदिवासी, निवासी उमरहरी एवं बसंत आदिवासी निवासी नयाखेड़ा तहसील देवरी को गिरफ्तार किया गया. इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र कुमार पालेचा, परिक्षेत्र सहायक गोवर्धनदास जाटव, वनरक्षक जुबेर खान, स्थायी कर्मचारी मनीष शर्मा सहित अन्य वन अमले का विशेष योगदान रहा.

# बैरसिया के बीआरसी ने डीपीसी को दिया इस्तीफा

**बैरसिया, 6 अप्रैल. बैरसिया के बीआरसी बालेंद्र सिह ने सोमवार को जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र भोपाल को अपना त्याग पत्र दिया है. बीआरसी ने दिए त्याग पत्र में लिखा है कि विभागीय आकलन परीक्षा उपरांत 2023 में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र बैरसिया में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किया गया था.**

उन्होंने वर्तमान में वक्तिगत कारणों से मिशन के कार्यो में समय नहीं दे पाना कारण इस्तीफे का कारण बताया है. उन्होंने अनुरोध किया है कि उन्हें अपने मूल स्कूल के लिए कार्यमुक्त किया जाए. इधर सूत्रों का कहना है जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति मोहन सिह जाट ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर बीआरसी बालेंद्र सिह द्रारा की अनिमितताओं की जांच की मांग की थी. सीईओ इला तिवारी ने जांच दल गठित कर एक सप्ताह में बिंदुवार जांच प्रतिवेदन मांगा गया है. बीआरसी पर अधूरे निर्माण कार्य , ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक परीक्षा 2024-25 का व्यय ब्यक्तिगत खातों में करने तथा वर्तन खरीदी में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे.

# दो जगह अग्निकांड : चूनाभट्टी में पांच दुकानें जलकर खाक, सिलेंडर फटने से मची दहशत

**भोपाल. राजधानी में सोमवार का दिन आगजनी की दो घटनाओं के साथ शुरू हुआ। चूनाभट्टी इलाके में सुबह चाय-नाश्ते की पांच दुकानों में भीषण आग लग गई. इस अग्निकांड में दुकानों में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया. आग की चपेट में आने से एक कमर्शियल गैस सिलेंडर भी तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई.**

राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. वहीं, दूसरी घटना में मुख्यमंत्री निवास के पास स्थित जंगल में भी



आग भड़क उठी, जिस पर दमकल ने समय रहते काबू पा लिया.

नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम के अनुसार, सोमवार तड़के करीब 4 बजे चूनाभट्टी इलाके के रहवासियों ने आग की सूचना दी थी. रविवार रात सभी दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर घर जा चुके थे. आग की भयावहता को देखते हुए कोलार, माता मंदिर, फतेहगढ़, पुल बोगदा और आईएसबीटी फायर स्टेशनों से तुरंत पांच दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं. दमकल कर्मियों को आग पर पूरी तरह से काबू पाने में करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. इसी बीच एक सिलेंडर फट गया, जबकि दमकल कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए दो अन्य सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया.

### सीएम हाउस से कुछ दूरी पर जंगल में लगी आग

सोमवार को ही मुख्यमंत्री निवास से कुछ दूर स्थित बोट क्लब के पास वन क्षेत्र में भी आग लग गई. सूखी पत्तियों के कारण आग ने तेजी पकड़ी और कुछ पेड़ भी झुलस गए. आशंका जताई जा रही है कि किसी ने जलती हुई बीड़ी या चिंगारी फेंक दी होगी. सूचना मिलते ही दो दमकलों ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की और आग को आगे फैलने से रोक दिया.

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया गीता भारती का विमोचन

**भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में पंडित मुस्तफा आरिफ उज्जैन की पुस्तक गीता भारती का विमोचन किया. इस पुस्तक में भगवद गीता के श्लोक हिन्दी मुक्तक के रूप में लिखकर संकलित किए गए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लेखक को इस काव्य सृजन के लिए बधाई दी.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पंडित मुस्तफा आरिफ ने इस पुस्तक की रचना के बारे में बताया कि जहां धर्म है, वहां कर्म सर्वोपरि है. इसी कारण सभी धर्म- प्रधान हैं. कुरान शरीफ की 6666 आयतों पर 10 हजार हिंदी पद रचने के बाद परमात्मा-प्रदत्त सदबुद्धि ने उन्हें कर्म- आधारित धर्म ग्रंथों की ओर मोड़ा है. श्रीमद भगवद्गीता के कर्म-दर्शन ने उन्हें गहराई से प्रेरित किया. उनकी लेखनी परमात्मा की कृपा से गीतामय होकर शोध-यात्रा पर निकली, जिसकी परिणति श्रीमद भगवद्गीता के 700 संस्कृत श्लोकों पर 786 हिंदी मुक्तकों में हुई. पं. आरिफ ने बताया कि यह ग्रंथ सनातन हिंदू दर्शन को आत्मसात करने का अभिनव अनुभव रहा है, जो भारत की संस्कृति और अनेकता में एकता की परम्परा को जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है.

पुस्तक में गीता के गहन संदेश- कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग और मोक्ष को 786 भावपूर्ण हिंदी मुक्तकों में बांधा गया है.

# ट्रेन से कटे व्यक्ति की हुई शिनाख्त

सलामतपुर, 6 अप्रैल. सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गीदगढ़ के पास ट्रेन की चपेट में आने से मृत हुए अज्ञात व्यक्ति की पुलिस ने पहचान कर ली है. मृतक की पहचान कल्लू उर्फ हरि सिंह आदिवासी (40) पिता भजन सिंह आदिवासी, निवासी ग्राम गडला जिला विदिशा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार मृतक गीदगढ़ के पास प्रेमपुरा स्थित एक ईंट भट्टे पर कार्यरत था. शनिवार को वह अपने गांव गडला जाने के लिए निकला था, इसी दौरान रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पुलिस को एक दिन बाद रविवार शाम करीब 4 बजे मिली.

# टीईटी के विरोध में विधायक को सौंपा ज्ञापन



बैरसिया, 6 अप्रैल. मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष छत्रबीर सिंह राठौड के नेतृत्व में सोमवार को बैरसिया के तीन दर्जन से अधिक शिक्षक तहसील अध्यक्ष दिनेश शुक्ला के साथ विधायक विष्णु खत्री से उनके भोपाल निवास पर मिले. उन्हें शिक्षकों की पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरुद्ध सुप्रीमकोर्ट में पुर्नविचार याचिका दायर करने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का अनुरोध किया. विधायक ने शिक्षक संघ की मांग की मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर तहसील स्तरीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी और शिक्षक-शिक्षकाएं मौजूद थी. संघ ने कहा कि सालों की नौकरी करने के बाद परीक्षा लेने का कोई औचित्य नहीं है.

# जैव-विविधता पुरस्कार के लिये आवेदन आंमत्रित

**भोपाल.** प्रदेश में जैव-विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जैव विविधता बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-25 के लिये प्रविष्टियां 20 अप्रैल तक आमंत्रित की गई हैं. विभिन्न श्रेणियों में जैव-विविधता पुरस्कार के लिये जैव-विविधता स्वामित्व रखने वाले वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन विभाग और जैव-विविधता प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत / नगर पंचायत / नगर पालिका/नगर निगम स्तर पर गठित जैव-विविधता प्रबंधन समितियां. संस्थागत (अशासकीय), व्यक्तिगत (अशासकीय), व्यक्तिगत (शासकीय) अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं.निर्धारित प्रारूप एवं अन्य जानकारियॉ बोर्ड की वेबसाइट से डाउन लोड करें.

# रेल मार्ग से दुर्लभ प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी का बड़ा नेटवर्क एक्सपोज

**भोपाल, 6 अप्रैल. स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, भोपाल ने ट्रेन के प्रथम श्रेणी एसी कोच से दुर्लभ और प्रतिबंधित प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी में शामिल एक संगठित गिरोह के सरगना रविन्द्र उर्फ रमन कश्यप को उत्तर प्रदेश एसटीएफ की सहायता से लखनऊ से गिरफ्तार किया है.**

आरोपी लंबे समय से फरार था और उस पर इनाम घोषित किया गया था. आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश कर वन विभाग की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. मामले की जांच जारी है.प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), के निर्देशन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ट्रेन नं. 19322, पटना-इंदौर एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट कोच में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, भोपाल, रेलवे सुरक्षा बल और वनमंडल भोपाल की संयुक्त टीम ने विगत 3 फरवरी को कार्रवाई की थी. कार्रवाई में संत हिरदाराम नगर स्टेशन से आरोपी अजय सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 311 जीवित दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुए बरामद किए गए थे.3 फरवरी 2026 को वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की जांच के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर प्रदेश के नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा और शाजापुर सहित उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक साथ छापामार कार्रवाई की गई।

आरोपियों से पूछताछ में गिरोह के सरगना के रूप में रविन्द्र उर्फ रमन कश्यप का नाम सामने आया. इस मामले में मप्र और उप्र के विभिन्न शहरों से अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जांच जारी है. कार्रवाई में चार अलग-अलग प्रजातियों के 313 जीवित दुर्लभ एवं प्रतिबंधित कछुए—इंडियन टेंट टर्टल, इंडियन रूफ्ड टर्टल, क्राउनड रिवर टर्टल और स्टार टॉर्टोइस—बरामद किए. इसके अलावा रोज-रिंग्ड पैराकीट प्रजाति के दो तोते भी जब्त किए . एक मोटरसाइकिल, सात मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है.

**आयोजन** | सेवा पखवाड़े के रूप में हुए कई कार्यक्रम

# मंडीदीप में बूथ स्तर पर मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**मंडीदीप, 6 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मंडीदीप में उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर भाजपा द्वारा नगर में मंडल स्तर सहित विभिन्न बूथों पर सेवा पखवाड़े के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. सुबह 9 बजे नगर के सभी बूथों पर एक साथ ध्वजारोहण किया गया.**

मंडल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता नगर के सभी मतदान केंद्रों पर एकत्रित हुए. भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल



उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए. वक्ताओं ने भाजपा के संस्थापकों तथा समाज के वरिष्ठ नेताओं के योगदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की संकल्पना से अवगत कराया. विभिन्न सत्रों में पार्टी के दर्शन, संस्कृति एवं नीतियों पर संवाद और परिचर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और कार्यपद्धति की जानकारी दी. वरिष्ठ नेता अरविंद जैन, जीवनसिंह पाल, प्रेमशंकर साहू, विनोद जैन, जिला मंत्री प्रार्थना चौहान सहित मंडल पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने बूथों पर स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सुनील पाल, पार्षद शुभम राजपूत, बूथ अध्यक्ष रामा गुर्जर, जगदीश मांझी आदि उपस्थित रहे.

### विधायक कार्यालय पर की रोशनी

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के कार्यालय को रोशनी से सजाया गया. साथ ही रंगोली बनाकर मिष्ठान वितरण किया .


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, भोपाल**

लिंक रोड नं. 2, माता मंदिर चौराहा के समीप, हर्षवर्धन नगर के सामने, भोपाल

टेलीफोन नं. (0755)-2924467, ई-मेल- eephbpl@mp.nic.in

क्र. 714/तक./का.यं./लो.स्वा.यां. खंड/ भोपाल/2026-27 | दिनांक 2/4/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई टेंडरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं. जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है. वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

| सिस्टम जनरेट आईडी क्र. | खंड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेके की अनु. राशि रु. | अमानत राशि रु. | निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED _496876_1 | भोपाल | Drilling of 15 Nos. 150/125/115 mm dia 120 mtr Deep vertical Ordinary tubewells in diffornt habitations of Block Phanda / Berasia District Bhopal including instalation of hand pumps and construction of cement concrete plateforms and all allied works complete. (Group-01) | 2000 | 1530000 | 30600 | 13.4.2026 | (1) 04 माह (वर्षाकाल छोड़कर) (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य है. (3) द्वितीय आमंत्रण |

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

G11145/26 | कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां. खंड, भोपाल